Regarding redevelopment of Railway Station and railway services

श्री दिनेशभाई मकवाणा (अहमदाबाद पश्चिम) : सभापति महोदया , मेरे संसदीय क्षेत्र अहमदाबाद और असारवा रेलवे स्टेशन के री-डेवलपमेंट का काम तेजी से चल रहा है । मैं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी का आभार प्रकट करता हूं । मैं आज सदन में एक महत्वपूर्ण विषय उठाना चाहता हूं, जो न केवल राज्य की यातायात की सुविधा को बेहतर बनाएगा बल्कि लोगों के समय और संसाधनों की भी बचत करेगा ।

बड़ोदरा और अहमदाबाद मेमू ट्रेन को राजकोट तक बढ़ाया जाए । बड़ोदरा और अहमदाबाद के बीच ट्रेन सेवा अत्यंत महत्वपूर्ण है, यह दोनों शहरों के बीच यातयात को सुगम बनाती है । राजकोट प्रमुख शहर है और व्यापार, शिक्षा व पर्यटन का केन्द्र है । वहां तक इस ट्रेन सेवा का विस्तार करने से इस क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी राहत होगी, बल्कि क्षेत्रीय विकास में भी योगदान होगा । राजकोट के बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के कारण इस ट्रेन सेवा का विस्तार इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगा और लोगों को सुरक्षित और सस्ती यात्रा प्रदान करेगा ।

रेल मंत्री जी से निवेदन है कि इस प्रस्ताव पर विचार किया जाए और शीघ्र ही बड़ोदरा और अहमदाबाद मेमू ट्रेन को राजकोट तक बढ़ाया जाए । धन्यवाद ।